कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, बिजनौर।

पत्रांक 3003 / 14–1 बिजनौर, दिनांक, मार्च , 11 , 2016।

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
सा0वा0 मुरादाबाद क्षेत्र मुरादाबाद।

विषय :– बिजनौर में नहटौर–नूरपुर–जोया–अमरोहा मार्ग किमी0 26.400 की दायी पटरी पर ग्राम आजमगढ़ उर्फ रतनगढ़ के खसरा संख्या 147 में एस्सार ऑयल लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे रिटैल आउटलेट के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.0751 हे0 संरक्षित वन भूमि का बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी प्रयोग की अनुमति के संबध में।

संदर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 81टी0सी0/बिजनौर/15797/यू0पी0–162/2015 दिनांक 07–01–2016।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा लगायी गई आपत्तियों का निराकरण बिन्दुवार निम्न प्रकार प्रेषित है :–

1. प्रस्ताव के साथ संलग्न संयुक्त निरीक्षण रिर्पोट में प्रभागीय वनाधिकारी, सलिल कुमार शुक्ला, क्षेत्रीय वन अधिकारी, प्रताप सिह सैनी तथा याचक विभाग के डिवीजनल मनेजर के पदनाम की मोहर अंकित है।
2. प्रभागीय निदेशक, स्थल निरीक्षण रिर्पोट में संस्तुति अंकित कर दी गई है।
3. प्रस्तावित वन भूमि को संरक्षित वन घोषित किये जाने वाले गजट की प्रति पर प्रभागीय निदेशक, द्वारा हस्ताक्षरित है।
4. परियोजना की स्वीकृति की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
5. उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनापत्ति को नोटीफाइड प्रति संलग्न है।
6. क्षतिपूरक वनीकरण का प्राक्कलन 100 पौधो के रोपण एवं 10 वर्षो के अनुरक्षण सहित प्रस्ताव के साथ संलग्न है।
7. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल को 1:50000 के टोपो सीट पर चिन्हित कर प्रस्ताव के साथ संलग्न है।
8. क्षतिपूरक वनीकरण का भू–संदर्भित मानचित्र प्रस्ताव के साथ संलग्न है।
9. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल की क्षतिपूरक वृक्षारोपण की दृष्टि से भूमि उपयुक्ता प्रमाण पत्र संलग्न है।
10. प्रतिपूरक वनीकरण पर आने वाले व्यय की वचनबद्धता की संशोधित प्रति संलग्न है।
11. प्रस्तावित वन भूमि की ए0पी0वी0 जमा किये जाने की वचनबद्धता मे भविष्य में एन0पी0वी0 की दरो में बढोतरी होने पर उक्त बढ़ी धनराशि जमा किये जाने की वचनबद्धता संलग्न है।
12. चिन्हित वन स्वरूप भूमि का प्रमाण पत्र संलग्न है।
13. लो0नि0वि0 की अनापत्ति की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
14. मकडिस्पोजल योजना का प्रस्ताव सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालन आख्या के साथ प्रस्तुत किया जायेगा।

15. वन अधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ सील अंकित करा दी गई है।
16. प्रस्ताव के साथ संलग्न प्रस्तावित स्थल का डिजीटल मेप अनुमोदित ले–आउट प्लान के अनुसार संलग्न है।
17. परियोजना से 10 किमी0 की परिधि में वन्य जीव विहार/सेन्चुरी न पड़ने का प्रमाण पत्र संलग्न है।
18. पावर ऑफ अटरनी की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
19. प्रस्ताव पर पृष्ठ संख्या अंकित कर विषय सूची संलग्न है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(सलिल कुमार शुक्ला)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
बिजनौर।

पत्रांक / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि डिविजनल मनेजर, वेस्ट यू0पी0 एस्सार ऑयल लिमिटेड नोएडा को सूचनार्थ प्रेषित।

(सलिल कुमार शुक्ला)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
बिजनौर।